>

Title: Regarding law and order situation in Uttar Pradesh.

डॉ. रामशंकर कठेरिया (आगरा) : सभापति जी, उत्तर प्रदेश में लॉ एंड आर्डर की स्थिति कितनी बिगड़ी हुई है उस ओर मैं आपका ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं। आगरा से लगा हुआ हाथरस जिला है और उसमें सिकंद्राराव है जिसमें कल रात्रि एक दलित महिला के साथ चार लोगों ने बलात्कार किया तथा आग लगाकर उसकी हत्या कर दी गयी।

महोदय, मैं बताना चाहता हूं कि माननीय मुख्यमंत्री के गांव जसवंत नगर में उसकी शादी एक साल पहले हुई थी और सिकंद्राराव के एक विशेष समुदाय के चार युवक उसके पास गये और यह कहकर कि तुम्हारी मां बीमार है उसे लेकर आये। उस लड़की को यह कह कर कि तुम्हारी माँ बीमार है, उसे ले कर आए तथा चार दिन तक उसे कहीं पर रखा। जब जांच पड़ताल हुई तो कल रात्री को जला कर उसकी हत्या कर दी। अस्पताल में उसने तीन युवकों के नाम लिए, उसके बाद उसने दम तोड़ दिया।

मान्यवर, मैं आपके माध्यम से मांग करता हूं कि इस प्रकार की घटना बदायूं के अंदर हो चुकी है और मामला शांत नहीं हुआ है। ये दूसरी घटना इस प्रकार की घटित हुई है। वहां पूरी तरह से कानून व्यवस्था बिगड़ी हुई है। कई जिलों के लोग सड़कों पर उतरे हुए हैं। हाई-वे जाम किए गए हैं, थाना फूंक दिया गया है। जनता की मांग है कि दोषियों को गिरफ्तार किया जाए। मेरी सरकार से मांग है कि एक उच्च स्तरीय जांच कमेटी वहां भेजी जाए, जिससे कि दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जा सके तथा इस प्रकार की घटना दोबारा न घट सके। मैं इसकी घोर निंदा करता हूं।